>

Title: Need to improve railway services connecting Nagor Parliamentary Services.

*m01

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर) : अध्यक्ष महोदय, हमारे प्रवासी राजस्थानियों ने देश के हर कोने के अंदर राजस्थान का मान बढ़ाया है । उन्होंने इस देश को आगे बढ़ाने का भी काम किया है । बड़े-बड़े उद्योगपति राजस्थान से हुए हैं । लेकिन आज जब हम बाहर जाते हैं, तो एक ही बात कही जाती है कि हमारे यहां ट्रेनों के ठहराव की सुविधाएं होनी चाहिए । मैं अपनी बात को एक मिनट में समाप्त करूंगा ।

महोदय, मेरे नागौर संसदीय क्षेत्र से हजारों प्रवासी चाहे मद्रास हो, चाहे सूरत हो, चाहे अहमदाबाद हो, चाहे पुणे हो, हर जगह पर उनका अच्छा बिजनेस है । लेकिन उनको अपने इलाकों में आने में बड़ी दिक्कत होती है । मैं नागौर संसदीय क्षेत्र के रेलवे से जुड़ी मांगो की तरफ ध्यान आकर्षित कराते हुए यह मांग करता हूं कि नागौर को राजधानी दिल्ली से जोड़ने वाली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस को नियमित करते हुए उक्त ट्रेन में प्रथम श्रेणी वातानुकूलित व थ्री टीयर वातानुकूलित के कोच लगवाने तथा हिसार-कोयम्बटूर 22475/76, कोलकाता-बीकानेर 12495/96, यशवंतपुर-बीकानेर 16587/88, बीकानेर-दादर 12789/90, हिसार-सिकन्दराबाद 17037/38 के फेरे जनहित में बढ़ाने तथा ट्रेन संख्या 22497 गंगानगर-तिरुचिरापली हमसफ़र एक्सप्रेस ट्रेन का नागौर स्टेशन पर ठहराव का आदेश किया जाए । मैं बीकानेर से नागौर होते हुए पुणे की तरफ एक नई ट्रेन शुरू करने व पूर्व में सर्वे के लिए स्वीकृत पीपाड-भोपालगढ़-संखवास-मुंडवा तक नई रेलवे लाइन को मूर्त रूप देने के लिए आवश्यक स्वीकृति जारी करने की मांग करता हूं । आप आदेश फरमाएं और जनहित के अंदर इस काम को स्वीकृति प्रदान कराएं ।